''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, | अंक 270 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रुपए | रविवार, 15 दिसंबर 2024 | samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यहां उनके निवास संत कबीर कुटीर पर प्रदेशभर से आए ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भगवान परशुराम की जयंती को सरकारी स्तर पर बड़े भव्य तरीके से मनाया जाएगा। इसके अलावा, ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन की मांग पर आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को बुलाकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस मौके पर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने समाज की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की 36 बिरादरी ने भाजपा सरकार की विकास की नीतियों पर मुहर लगाकर हरियाणा के इतिहास में पहली बार भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है। लोगों के विश्वास से ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि लोगों ने सरकार पर जो विश्वास दिखाया है, उस विश्वास पर हम खरा उतरेंगे और हरियाणा को तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे।

**जनता ने विपक्ष को लगातार तीसरी बार आइना दिखाया**

श्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव परिणाम से पहले ही विपक्ष के नेताओं ने सरकार बना ली थी और परिणाम आने के बाद वे ईवीएम पर दोष मढ़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता यात्राएं निकालकर भाजपा सरकार के 10 सालों का हिसाब मांग रहे थे। लेकिन जब उनसे उनके कार्यकाल का हिसाब मांगा गया तो कोई जवाब नहीं दिया। कांग्रेस कार्यकाल के समय में एक भी सरकारी भर्ती ऐसी नहीं हुई, जो कोर्ट तक न पहुंची हो। जबकि भाजपा सरकार में गरीब घरों के बच्चे भी बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरी हासिल कर रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि दोनों के नेता कभी एक दूसरे को गलत बताते थे, लेकिन जब उन्होंने देखा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बड़ी मजबूती से लोगों की सेवा का कार्य कर रहे हैं, तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेता गले मिल गए। इसके बाद विपक्ष के लोग ईवीएम को हैक करने की बातें करते हैं। जबकि उन्हें यह नहीं पता कि जनता सब समझती है, इसलिए जनता ने विपक्ष को लगातार तीसरी बार आईना दिखाया है।

**आमजन को सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक सेवाओं की निर्बाध डिलीवरी सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सरकार की योजनाओं के लाभ पात्र लाभार्थियों को बिना देरी



से पहुंचाने का काम किया जाए। यदि किसी नागरिक से शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि विकासात्मक कार्यों के साथ-साथ नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए नई-नई कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाएंगी ताकि हरियाणा को विकास के मामले में आगे बढ़ाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में गरीब के हित के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, उसी का परिणाम है कि लोगों ने उन नीतियों पर विश्वास जताकर हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए लोगों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का लक्ष्य है। पिछले 10 सालों में 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं और 7 जिलों में कॉलेज स्थापित करने का काम जारी है। इसके अलावा, हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया गया है, ताकि लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि गत दिनों प्रधानमंत्री ने बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस की आधारशिला रखी है। इसके माध्यम से किसानों को बागवानी के प्रति और सशक्त बनाया जाएगा, ताकि किसान अधिक आय अर्जित कर सकें।

**प्रदेश सरकार ने किसान हित में किए अनेक कार्य**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसान हित में अनेक कार्य किए हैं। इस साल बरसात न होने के कारण किसानों पर पड़े आर्थिक बोझ को कम करने के लिए सरकार ने 2000 रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस दिया है। अब तक दो किस्तों में 800 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है। जल्द ही तीसरी किस्त के रूप में लगभग 400 करोड़ रुपये की राशि और जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम कर रही है।

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास की राह पर आगे बढ़ने की मोहन लाल बड़ौली**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि नये भारत के निर्माता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा की जिम्मेदारी श्री नायब सिंह सैनी को सौंपकर जन-जन में विश्वास जगाने का काम किया है और उसी का परिणाम है कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच 36 बिरादरी को साथ लेकर विकास की राह पर आगे बढ़ने की है और लोगों के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा विकास के मामले में नये आयाम स्थापित करेगा।

**प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हरियाणा देगा अपना महत्वपूर्ण योगदान राज्य मंत्री गौरव गौतम**

इस मौके पर राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास की राह पर दोगुनी गति से आगे बढ़ेगा और हमारा हरियाणा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर व्यक्ति की बात सुनते हैं और उसका समाधान सुनिश्चित करवाते हैं, उनकी इसी कार्यशैली से आज हरियाणावासियों का विश्वास उनके प्रति और अधिक बढ़ा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती सहित बड़ी संख्या में प्रदेशभर से ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने वाली प्रदेश की जनता का आभार जताने सभी विधानसभाओं में मुख्यमंत्री करेंगे धन्यवादी दौरे

**18 दिसंबर से सीएम के धन्यवाद कार्यक्रम शुरू, मोहनलाल बडौली ने की संयोजकों की नियुक्ति**



समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव में भाजपा को तीसरी बार जबरदस्त जीत दिलाने वाली हरियाणा प्रदेश की जनता का आभार जताने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी 90 विधानसभाओं में धन्यवादी दौरा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने प्रदेश प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा और पार्टी के महामंत्रियों से विचार-विमर्श कर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली है। मुख्यमंत्री का धन्यवादी दौरा 18 दिसंबर से पंचकूला से शुरू होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री के धन्यवादी दौरा के सफल संयोजन के लिए संयोजक भी नियुक्त कर दिए हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 दिसंबर से अपना धन्यवादी दौरा शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री 18 दिसंबर को सायं 3 बजे पंचकूला के कालका पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं तथा जनता का आभार जताएंगे। इसी तरह 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री कैथल जिला के पुण्डरी विधानसभा में सायं 3 बजे पहुंचेंगे। श्री बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री का 22 दिसंबर को हिसार के उकलाना में 2 बजे कार्यक्रम होगा। 23 दिसंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 11 बजे करनाल की इंद्री विधानसभा और कुरूक्षेत्र की पेहवा विधानसभा में 2 बजे पहुंचकर जनता का धन्यवाद करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का 25 दिसंबर को रेवाड़ी के कोसली विधानसभा में कार्यक्रम होगा। इसी तरह 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री के दो कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री पहले 11 बजे करनाल की असंध विधानसभा तथा 2 बजे गुरुग्राम की सोहना विधानसभा में पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं व लोगों से मिलकर आभार प्रकट करेंगे। श्री बड़ौली ने बताया कि 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे हिसार की नलवा और 2 बजे महेंद्रगढ़ विधानसभा में धन्यवादी दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि 29 दिसंबर को मुख्यमंत्री जींद की नरवाना विधानसभा में पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं तथा आम जनता का भारतीय जनता की तीसरी बार सरकार बनाने पर धन्यवाद करेंगे।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री सभी 90 विधानसभाओं में जनता का आभार जताने के लिए धन्यवादी दौरा करेंगे। अरविंद सैनी ने बताया कि अभी मुख्यमंत्री के 11 विधानसभाओं के कार्यक्रम तय हुए हैं, जल्दी ही बाकी विधानसभाओं के कार्यक्रम भी तय कर लिए जाएंगे। श्री सैनी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री के धन्यवादी दौरों को लेकर विधानसभा अनुसार संयोजक नियुक्त किए हैं।

अरविंद सैनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री बड़ौली ने विधायक शक्ति रानी शर्मा को कालका विधानसभा, विधायक सतपाल जांबा को पुंडरी, पूर्व विधायक अनूप धानक को उकलाना, विधायक राम कुमार कश्यप को इंद्री विधानसभा संयोजक नियुक्त किया है। श्री सैनी ने बताया कि जयभगवान शर्मा को पेहवा, अनिल डहीना को कोसली, विधायक योगेंद्र राणा को असंध, विधायक तेजपाल तंवर को सोहना, विधायक रणधीर पनिहार को नलवा, विधायक कंवर सिंह यादव को महेंद्रगढ़ और कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को नरवाना विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया है।

## रैफर मुक्त फरीदाबाद का धरना 12वें दिन भी रहा जारी

समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** रैफर मुक्त फरीदाबाद का धरना आज 12 वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर बैठे सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा व अनशनकारी बाबा रामकेवल का समर्थन देने वालों का कारवां रोजाना बढ़ता चला जा रहा है। युवा शक्ति के साथ-साथ महिला शक्ति व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी दिन और रात धरना दे रहे है। इसी कड़ी में ऊं ब्राह्मण सभा के अवधेश कुमार ओझा, टीम पुरूष आयोग से नरेश मेंहदीरत्ता, ठाकुर समाज से कमल सिंह तंवर, स्कूल एसोसिएशन की ओर से शिक्षाविद् अमित जैन के अलावा अभिषेक गोस्वामी, संतोष यादव, वरूण श्योकंद, हेमलता शर्मा, दीपक शक्ति, मनोज कोहली, योगेश कोहली, परविन्दर राजपाल, नरेश वैष्णव, जसवंत पंवार, रामफल जांगड़ा, राकेश उर्फ रक्कू, प्रीतपाल सिंह, संजय पाल, सविता बग्गा, परमजीत कौर, जगजीत कौर, संजय




अरोड़ा, सोनू सलूजा के अलावा अधिवक्तागण भी अपना समर्थन दे चुके है। सेवा वाहन संचालक सतीश चोपड़ा व अनशनकारी बाबा रामकेवल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर व स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से मांग की है कि 25 लाख की आबादी पर एक मात्र बड़ा सिविल अस्पताल बादशाह खान को रैफर मुक्त किया जाए। गांव छांयसा स्थित श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में तीन करोड़ रूपए सैलरी के रूप में बांटे जा रहे है। इस मेडिकल कालेज में आईपीडी सेवाएं शुरू की जाए साथ ही ट्रामा सैन्टर बनवाया जाए और सिविल अस्पताल के निजी लैबों, निजी एक्सरे सैन्टरों व निजी अल्ट्रासाउण्ड सैन्टरों के प्रतिनिधि घूमते रहते है। जो अस्पताल में ईलाज करवाने आए लोगों को बरगला कर अपने सैन्टरों में ले जा रहे लूट रहे है। इस लूट पर लगाम लगाई जाए साथ ही इन प्रतितिधियों को रोका जाए। इसके अलावा सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध करवाई जाए ताकि गरीब व जरूरतमंद लोग बाहर मेडिकल स्टोरों से महंगी-महंगी दवाईयां न खरीदनी पड़े। कल रविवार को धरने पर बैठे साथी मुंडन करवाएंगें ताकि जनप्रतिनिधि व नायब सरकार उनकी आवाज सुन सकें।

## एकॉर्ड हॉस्पिटल द्वारा लगाए हेल्थ कैंप में 150 लोगों ने कराई जांच

समाचार गेट/सुमित गोयल

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के एकॉर्ड फाउंडेशन द्वारा एनआईटी एक स्थित सेवा समिति चेरिटेबल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अमित बिश्नोई, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल दीक्षित, आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश कुमार तथा गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. वसाबी कोहार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हेल्थ कैंप का संचालन कर रहे अस्पताल मार्केटिंग के विशाल सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे से कैंप शुरू हुआ और 12 बजे तक चला। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि सर्दियों में घुटनों का दर्द काफी बढ़ जाता है। खासकर पुरानी




चोट का दर्द ज्यादा परेशान करता है। इसलिए लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित बिश्नोई ने कहा कि टेंपरेचर लगातार गिर रहा है। ठंड का सितम बढ़ गया है। इस मौसम रक्त जल्दी गाढ़ा होने लगता है। इससे हार्ट अटैक की संभावना अधिक रहती है। इसलिए सुबह की सैर पर जाना बंद कर दें। ठंडे पानी से नहीं नहाए। न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राहुल ने लोगों को सर्दियों में होने वाले ब्रेन स्ट्रोक के खतरों से आगाह किया। उन्होंने कहा कि गर्मियां के मुकाबले ठंड में स्ट्रोक का खतरा अधिक रहता है। इसलिए सावधान रहें। डॉ. वसाबी ने कहा ठंड में लोग तली भुनी चीजें ज्यादा खाते हैं जिससे पेट इन्फेक्शन हो जाता है। जिससे बुखार सहित कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। इस मौके पर लोगों के ईको, ईसीजी, शुगर सहित अनेक जांचे मुक्त की गया। लोगों को बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया।

## कुमारी सैलजा ने उठाई सिरसा और फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट दुरुस्त करने की मांग

**केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री को पत्र लिख कर उठाई नाले के निर्माण पर खर्च हुए 61 करोड़ की बर्बादी की निष्पक्ष जांच की मांग**

समाचार गेट/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर सिरसा व फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट दुरुस्त करने की मांग है। इसके साथ ही राजमार्ग पर 61 करोड़ की लागत से बनाए गए नाले की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की गई है। उन्होंने पत्र के माध्यम से केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बताया है कि हरियाणा के हिसार-सिरसा चार मार्गीय मार्ग पर सिरसा व फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट पर लाइटों का प्रबंध करने और संकेतक लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि हिसार-सिरसा चार मार्गीय एनएच-10 पर फतेहाबाद नगर स्थित है। जब यात्री हिसार से फतेहाबाद और फतेहाबाद से सिरसा नगर में प्रवेश करते है तो इस मार्ग पर पहली बार आने वाले यात्रियों को खासकर रात में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इन दोनों ही एंट्री प्वाइंटों पर लाइट का कोई प्रबंध नहीं है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगे हुए है। ऐसे में यात्री वाहन गलत दिशा में चले जाते है या सीधे हाईवे पर चढ़ जाते है, सिरसा में प्रवेश करने वाला यात्री वाहन डबवाली की ओर चला जाता है, इसी प्रकार फतेहाबाद वाले वाहन भी गलत दिशा में चले जाते है। इसके अतिरिक्त, हिसार से डबवाली के बीच मुख्य-मुख्य कस्बों व गांवों के



पास करीब 41 किमी लंबा नाला दोनों तरफ बनाया गया है जिस पर 61 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। नाला की स्लैब टूट जाने के कारण वह वर्तमान में अनुपयोगी है। साथ ही बारिश के पानी की निकासी के नाम पर जो करोड़ों रुपये बर्बाद कर दिए हैं इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि इन दोनों स्थानों पर लाइट का उचित प्रबंध किया जाए साथ ही संकेतक भी लगाए जाएं और नाले की मरम्मत कर नाले के पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**किसानों पर आंसू गैस के गोले चलाने की बजाय उनकी मांगों को पूरा करे सरकार**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों की मांगों को मान कर राहत दी जाए। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं पर सरकार द्वारा उनकी मांगों को मानने की जगह उन पर आंसू गैस के गोले व डंडे बरसाए जा रहे हैं। किसानों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना उचित नहीं है। कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों की मांगों को पूरा किया जाए ताकि उनको आंदोलन करने की जरूरत ही न पड़े।

## विश्व मानवाधिकार दिवस- गरिमा, स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय हो सुनिश्चित

समाचार गेट/जितेंद्र सिंह

**फरीदाबाद।** विश्व मानवाधिकार दिवस पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सभी से मानवाधिकारों को समझने और जानने के लिए जागरूक किया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि ऋग्वेद में सर्वे भवन्तु सुखिन: की ऋचा प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति में मानवाधिकार की उपस्थिति को दर्शाती है। देश में मानव अधिकार के लिए सबसे पहले महात्मा फुले ने आवाज उठाई थी। इस वर्ष का थीम गरिमा, स्वतंत्रता और सभी के लिए न्याय रखा गया है। वर्ष 1950 में संयुक्त राष्ट्र ने विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना प्रारंभ किया था। मानव अधिकार सिद्धांत की संकल्पना




सदियों पूर्व प्राचीन काल से ही चली आ रही है व्यवहारिक दृष्टि से इसका प्रारंभ द्वितीय विश्व युद्ध के भयंकर परिणाम के बाद हुआ जब अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर 1948 को मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अंगीकृत किया। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के लिए चेतना जागृत करने में इस घोषणा का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके पश्चात 1966 की अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाएं, यूरोपीय कन्वेंशंस, सिंगापुर घोषणा पत्र, संयुक्त राष्ट्र चार्ट में निहित घोषणाएं जैसे विधानों ने इस सिद्धांत को और पुष्ट किया। इन में अधिकार के साथ साथ कर्तव्यों की भी चर्चा हुई है जिसमें अधिकार के साथ मनुष्य का उस समुदाय के प्रति कर्तव्य है ताकि उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का उन्मुक्त विकास हो सके।

**अपनी शादी, जन्मदिन और विवाह की वर्षगांठ की फोटो हमें भेजें।**

**नोट : मेल में नाम, पता और मोबाईल नंबर जरूर लिखें।**

samachargate@gmail.com

**प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक टोल फ्री नम्बरों की सूची**

| | |
|---|---|
| सीएम शिकायत पोर्टल | 181 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112, 100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एमबुलैंस सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाइल्ड लाइन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सी एम सहायता लाइन | 1076 |
| क्राइम स्टापर | 1090 |
| महिला सहायता लाइन | 1091 |
| पृथ्वी भूकम्प | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान काल सेन्टर | 1551 |
| नागरिक काल सेन्टर | 155300 |
| ब्लड बैंक | 9480044444 |

# गुलाब क्रिकेट अकादमी ने रमनहंस क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराया




समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। इवांका स्पोर्ट्स कप 8वां ऑल इंडिया रविंद्र फागना -15 डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट रविंद्र फागना क्रिकेट भूमि ग्राउंड फरीदाबाद पर खेला गया यह मैच गुलाब क्रिकेट अकादमी और रामहंस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में गुलाब क्रिकेट अकादमी ने रमनहंस क्रिकेट अकादमी को 9 विकेट से हराया, यह मैच 40 ओवर का था और गुलाब क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। राम हंस क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए 29.4 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 114 रन का लक्ष्य दिया । रामहंस क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सागर कुशवाहा ने 71 गेंद पर 8 चौके, 2 छक्के की मदद से 58 रन बनाए और विराट त्यागी ने 10 गेंदों पर 3 चौके की मदद से 13 रन बनाए। गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए आतिफ खान ने 3 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट, मोहम्मद कैफ ने 7.4 ओवर में 3 मैडम 21 रन देकर 2 विकेट और सारांश कश्यप ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए गुलाब क्रिकेट अकादमी ने 11.4 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर जीत हासिल की गुलाब क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए देवांग शर्मा ने 42 गेंद पर 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 58 रन बनाए और तन्मय ढींगरा ने 30 गेंद पर 1 चौके की मदद से 25 रन बनाए। रामहंस क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए नानू भड़ाना ने 1.4 ओवर 18 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। मैन ऑफ द मैच आतिफ खान व फाइटर ऑफ द मैच सागर कुशवाहा को घोषित किया गया।

# विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि देश के लिए लाभदायक : प्रदीप अहलावत




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कम्युनिटी केंद्र, बाल भवन में किया गया। जिसमें खंड स्तर पर अलग -अलग सात थीमों पर प्रथम , द्वितीय , तृतीय रहे मॉडल के साथ जिला स्तर पर 105 मॉडल के साथ बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया। नोडल अधिकारी डीएसएस रामकिशन आर्य ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के लिए समय-समय पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जाती है ताकि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिल सके। विद्यार्थी प्रदर्शनी में अलग-अलग थीम्स में मॉडल प्रदर्शित किया जाता है जो समस्या आधारित और जीवंत होता है जिससे तकनीकी और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्यातिथि उपमंडल अधिकारी नूंह प्रदीप अहलावत एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नूंह परमजीत चहल रहे।

प्रदीप अहलावत ने कहा की हर बच्चा स्वाभाविक तौर पर एक वैज्ञानिक होता है। बच्चों में, अपनी आस पास की दुनिया को समझने का, काफ़ी कौतूहल होता है। छोटे बच्चे भी हर चीज़ को छूना चाहते हैं, पकड़ना चाहते हैं, फेंकना चाहते हैं और कभी कभी तो हर चीज़ खाना भी चाहते हैं। ऐसी ही चंचल और शरारती तरीक़ों से वो इस दुनिया को समझते हैं। अगर आप ध्यान से सोचें तो प्रकृति को समझने का वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी यही है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का विकास होता है, विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है जिसका लाभ पूरे देश को मिलता है। कार्यक्रम में बच्चे विज्ञान के प्रति रुचि को लेकर बहुत उत्साहित है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया । कार्यक्रम के दौरान राजकीय कन्या विद्यालय नूंह की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुती दी।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य ने बताया कि जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मैथमेटिकल मॉडलिंग थीम्स, फूड हेल्थ एंड हाइजीन थीम्स, डिजास्टर मैनेजमेंट थीम, ट्रांसपोर्ट एंड कम्युनिकेशन थीम, रिसोर्स मैनेजमेंट थीम, वेस्ट मैनेजमेंट थीम, नेचुरल फार्मिंग थीम सहित अनेक थीम शामिल होती है। प्रदर्शनी में विज्ञान विषयों के लेक्चरर दीपक कुमार, मंजीत वर्मा, जितेंद्र कुमार, धर्मपाल, हरदीप कुमार, परवीन, सुशील, सत्यदेव ने जूरी सदस्यों की भूमिका निभाई। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 में उप-विषय प्राकृतिक खेती के अंतर्गत विद्यार्थियों ने रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक के इस्तेमाल किए बिना खेती करने के माडल बनाए दर्शार तथा पोधों को पोषक तत्व देने के लिए जीवामृत, घन जीवामृत व बीजामृत के इस्तेमाल के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त खाद्य, स्वास्थ्य और स्वच्छता उप-विषय में विद्यार्थियों ने फास्ट फूड नहीं खाने तथा फल-सब्बी, अन्न के इस्तेमाल तथा योगा के महत्व पर माडल मदर्श प्रदर्शित किए। इसके अलावा हेमोडायलिसिस मशीन के माडल भी दर्शाए।

# नूंह जिला के खंड पुन्हाना के गांव रहिडा में ग्रामीणों व सरकारी विभागों के अधिकारियों के मध्य समन्वयक बैठक का आयोजन



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। एस एम सहगल फाउंडेशन ने उत्तम ग्राम पहल परियोजना के तहत नूंह जिले के रहीडा गांव में ग्रामीणों व सरकारी विभागों के मध्य समन्वयक बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों का सरकारी विभागों से तालमेल स्थापित करवाना तथा उनको सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना था ताकि ग्रामीण योजनाओं का सही समय पर लाभ ले सके तथा अपने गांव के विकास में योगदान दे सके। इस कार्यक्रम में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एंव स्वच्छता सहायक संगठन की तरफ से जिला सलाहकार नरेंद्र भारद्वाज व खंड संयोजक सन्दीप शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से शुद्ध पेयजल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व साथ ही आम जन का जल संरक्षण में हर नागरिक इस मुहिम में अपनी अहम भूमिका अदा करें ! साथ ही पानी की गुणवत्ता के बारे में ग्रामीणों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया तथा समय-समय पर पानी की जांच कराते रहने के लिए कहा । गांव की ग्राम जल एंव सीवरेज समिति के कार्यों के बारे में जानकारी दी। (CRID ) विभाग की तरफ से सिटीजन रिसर्च इंफॉर्मेशन डिपार्टमेंट से श्री कादिर ने परिवार पहचान पत्र के बारे में जानकारी दी, उन्होंने बताया कि हरियाणा में सरकारी योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के अनुसार ही मिलेगा इसलिए जिनके परिवार पहचान पत्र (PPP ) में त्रुटि है उनको समय पर सही करा लें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके।कृषि विभाग से सलीम ने फसल बीमा योजना और मेरी फसल मेरा ब्योरा योजनाओं की जानकारी दी ।शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी श्री वीरेन्दर कुमार व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के प्रिंसिपल जीवन लाल ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चो को शिक्षा के लिए माहौल बनाना चाहिए ताकि उच्च शिक्षा के लिए लडकीयो को किसी तरह की परेशानी न हो सके । स्वास्थ्य विभाग से नीतू रानी ने टीकाकरण व एनीमिया के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया। फ़ूड सप्लाई खाद्य आपूर्ति विभाग की तरफ से निकेश कुमार ने राशन वितरण एवं निगरानी के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया । सहगल फाउंडेशन से शाहीना ख़ातून व नासिर हुसैन ने सभी विभागों से आए अधिकारियों का धन्यवाद किया ।

इस प्रोग्राम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रुखसार मुख्य अध्यापक अमानत जहान तथा आशा वर्कर व SHG महिलाएं सहित सहगल फाउंडेशन से सोनम जूनवाल,निजाम खान व BDC के सदस्य रिहाना, अता मोहम्मद, जल एंव स्वच्छता सहायक संगठन (WSSO) की तरफ से खंड समन्वयक मोहम्मद जैकम खंड समन्वयक हरिओम इरफान खान, फकरुद्दीन, असगर सहित गांव रहीडा की सैकड़ों महिला पुरुषो ने आज के इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# पुनहाना थाना क्षेत्र के लहरवाडी गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिले के पुनहाना थाना क्षेत्र के लहरवाडी गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मड़ीखेड़ा अस्पताल पहुंचा दिया है। फिलहाल पुलिस ने चार दर्जन आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटी हुई है। नूंह जिले के लहरवाडी गांव में लगभग सात माह पहले जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। जिसमें एक 21 वर्षीय रिजवान नाम के युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुनहाना पुलिस ने आरोपीयों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कई लोगों को जेल भेज दिया था। इसी बात को लेकर उसी समय से दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी।

शुक्रवार को पुलिस जब आरोपी पक्ष के लोगों को सात माह बाद उनके गांव में उनके घरों में बसाने के लिए लाई तो, पुलिस के जाने के बाद दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। इतना ही नहीं इस दौरान 31 वर्षीय शहनाज पुत्री याकूब की पेट्रोल छिड़ककर हत्या कर दी। जैसे ही पेट्रोल छिड़क कर एक युक्ति की मृत्यु होने का मामला पुलिस के पास पहुंचा तो, पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए देर रात मांडी खेड़ा अस्पताल पहुंचाया, जहां पर पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस जुटी हुई है। इस मामले की सोशल मीडिया पर कुछ महिलाओं के हाथ में पेट्रोल और माचिस से आग लगाने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिससे कुछ लोगों का तो यहां तक कहना है कि मृतक शहनाज के परिजनों ने वायरल हो रही है वीडियो में पेट्रोल हाथ में लिया हुआ है। जिससे उसकी मौत हुई है। वहीं मृतक शहनाज के भाई का कहना है कि आरोपी पक्ष ने पहले ही अपने घरों में पेट्रोल रखा हुआ था, जिससे उनकी बहन पर पेट्रोल छिड़ककर माचिस से आग लगा दी।

जांच अधिकारी एएसआई राकेश का कहना है कि पुलिस को लहरवाडी गांव में झगड़ा होने की सुचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया है और इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस कहना है कि लगभग चार दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# सर्दी के मौसम मे डेंगू के मच्छरों से करें बचाव : सिविल सर्जन डॉ. सर्वजीत सिंह

## उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नगर पारिषद और पंचायत अधिकारियों को फोगिंग करने के दिए निर्देश

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। सिविल सर्जन डॉ. सर्वजीत सिंह ने बताया की सर्दी का मौसम शुरू हो गया है। इस मौसम में आमजन डेंगू के मच्छरों से अपना बचाव रखें। उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सभी नगर पारिषद और सभी पंचायत अधिकारियों को फोगिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मलेरिया व डेंगू के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम घर- घर जाकर मच्छर के लार्वा की जांच कर रही है और बुखार आने पर मलेरिया, डेंगू की जांच के लिए लोगो को जागरूक कर रही है। उन्होंने बताया कि पानी जहां भी जमा हो जाता है वहां पर मलेरिया व डेंगू फैलाने वाले मच्छर अंडे देना शुरू कर देते है जिससे मच्छरों की ज्यादा बढ़ोतरी हो जाती है और बीमारी फैलने की आशंका भी बढ़ जाती है। समुदाय में लोग अपने घरों व दफ्तरों के आपपास पानी एकत्रित न होने दे, अगर पानी के निकासी की सुविधा न हो तो उसमे काला तेल व मिट्टी का तेल डाल दे जिससे मच्छर के लार्वा व अंडे समाप्त हो जाते हैं। हर साल की तरह इस बार भी लार्वा की जाच करने के लिए 20 ब्रीडिंग चेकर रखे गये है। सिविल सर्जन ने बताया कि सिविल अस्पताल नूंह, मांडीखेड़ा में डेंगू व मलेरिया की मुफ्त जांच उपलब्ध है। कोई भी बुखार का मरीज डेंगू व मलेरिया की जांच करा सकता है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.विक्रम सिंह ने सभी आमजन से सप्ताह में प्रत्येक रविवार को समुदाय में ड्राई डे मनाने के लिए अपील की है। इसके तहतघरों मे रखे कूलर व छतों पर रखी टंकियों को रगडकर साफ़ करे व पीने के पानी को ढक कर रखे। इसके आलवा फ्रीज की ट्रे को सप्ताह में एक बार जरूर साफ़ करे। वहीं स्वस्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर पानी के स्रोतों की लगातार जांच कर रही है। जिले में हर महीने 1 से 10 तारीख तक रैपिड फीवर सर्वे किया जाता है।

जिला में अर्बन मलेरिया विभाग की टीम डेंगू व मलेरिया के बचाव के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिले में अब तक 1,49,634 रक्त के नमूने लिए जा चुके है, जिनमे मलेरिया का 3 केस पाए गए है। जिला का स्वास्थ्य विभाग डेंगू को लेकर पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ अपने कार्य मे लगा हुआ है। जिला नूंह मे डेंगू के लार्वा की जांच के लिए अब तक 11,18,566 से ज्यादा घरो मे लार्वा की जांच हो चुकी है जिनमें घरों के कूलर, टंकी, फ्रिज की ट्रे की जांच हो चुकी है। इसके साथ ही तालाब व गंदे नाले है उनकी सफाई के लिए नगर परिषद् भी कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले की 244 जोहड़ों मे लार्वा को खाने वाली गम्बुजिया मछली छोड़ी जा चुकी है जिनमे स्वस्थ्य विभाग की टीमो द्वारा एंटी लार्वा संबंधित जरूरी एक्टिविटीज करवाई जा रही है, जिसके तहत एक सघन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। डेंगू के लिए आम जन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नं. 9254333102, 7988835108 है।


**डेंगू के लक्षण**

अकस्मात तेज बुखार का होना, अचानक तेज सिर दर्द होना, मांसपेशियों तथा जोड़ो मे दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जोकि आँखों को घुमाने से बढ़ता है।

**क्या करे, क्या न करे :**

घरों के आसपास गड्डों को मिट्टी से भरवा दे। अपने कूलर, होदी या पानी से भरे हुए बर्तन सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करें व कपडे से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करके प्रयोग करे। शरीर को ढक कर रखे और मच्छर रोधी दवा या क्रीम व कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करे एवम पूरी बाजु के वस्त्र पहने। छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखे। बुखार आने पर डाक्टर की सलाह अवश्य लें। स्वयं दवा न खाएं- एसप्रीन, ब्रुफिन दवाइयो का सेवन न करे। पुराना सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पॉलिथीन के लिफाफे खुले मे न फेंके ताकि बरसात का पानी उनमें न भरे। यदि कूलर प्रयोग मे नही लाया जा रहा है तो उसमे पानी इका न होने दे। हैण्डपंप या नल के आस पास पानी जमा न होने दे। टायर ट्यूब, खाली डिब्बे खुले मे न छोड़े।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने रोहतक में किया सांझा बाजार का उद्घाटन



समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं स्थानीय शहरी निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल ने शनिवार को रोहतक में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों के लिए स्थापित किए गए सांझा बाजार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सांझा बाजार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए महत्वपूर्ण स्थान पर जगह मिली है। इस सांझा बाजार में 13 स्वयं सहायता समूहों को 10 दुकानें अलॉट की गई हैं। इसके अलावा, श्री विपुल गोयल ने सिविल रोड़ स्थित भारत विकास परिषद चैरिटेबल ट्रस्ट के आरोग्य केंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का कार्य सभी के सहयोग से होता है। भारत विकास परिषद गत 60 वर्षों से धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस आरोग्य केंद्र के शुरू होने से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति लाभान्वित होंगे। उन्होंने आरोग्य केंद्र के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 25 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला नूंह , पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका अदालतों में किया राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से जिला नूंह में किया गया लंबित मामलों का निपटारा।**

**कुल 1631 केसों में से 1352 केसों का किया मौके पर ही निपटान।**

**लोक अदालतों में मोटर व्हीकल एक्ट/बिजली चोरी के 354 मामलों की भी हुई सुनवाई।**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला नूंह की अदालतों में शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन श्री सुशील कुमार नेतृत्व तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्राधिकरण की सचिव नेहा गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत में केसों का निपटारा करने के लिए जिला अदालत नूंह, पुन्हान और फिरोजपुर झिरका की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालतें लगाई गई। इन लोक अदालतों में कुल 1631 केसों में से 1352 केसों का निपटारा किया गया।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1631 मामलों में से 1352 मामलों की सुनवाई की गई तथा कुल चार करोड़ 38 लाख 77 हजार 942 रुपये की राशि जुर्माना व अवार्ड के रूप में पास की गई। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री लिटिगेशन के 1041 मामलों में सभी निपटान कर दिया गया तथा 77 लाख 70 हजार 905 रुपये अवार्ड व जुर्माना राशि तथा कोर्ट में लंबित मामलों के 4185 मामलों में से 2480 मामलों का निपटारा किया गया जबकि एक करोड़ 10 लाख 50 हजार रुपये की राशि जुर्माना व अवार्ड के रूप में पास की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की नेहा गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न अदालतों में लंबित मुकदमों अपराधिक मामलों, एनआईए एक्ट, बैंक रिकवरी, एमएसीटी, श्रम विवाद, बिजली व पानी बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, सर्विस मामलों सहित अन्य सिविल मामलों की सुनवाई की गई। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग द्वारा जिला स्तर पर गठित बैंचों में लोक अदालत में मामलों की सुनवाई की गई। इसी प्रकार से उपमंडल फिरोजपुर-झिरका व पुन्हाना की अदालतों में न्यायाधीशों ने मामलों की सुनवाई कर नागरिकों के मामलों का निपटान किया। सीजेएम नेहा गुप्ता ने बताया कि जिला स्तर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट राजेश कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन वंदना, सिविल जज जूनियर डिवीजन डॉ मुकेश कुमार, मंडल जज आशीष कुमार, लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करते हुए न्यायाधीशों ने कहा कि लोक अदालत में मामलों के निपटान से नागरिकों से समय व धन की बचत होती है।

# रयान इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद को के-12 लीडर्स समिट में मिला पुरस्कार



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। रयान इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद ने के-12 लीडर्स समिट में जीवन कौशल और गतिविधि-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में अपनी उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सराहना प्राप्त की। स्कूल की समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को एक पुरस्कार से मान्यता प्राप्त हुई, जो इसके छात्र विकास के लिए नवोन्मेषी दृष्टिकोण को उजागर करता है। प्रधानाचार्या श्रीमती पीया शर्मा को स्कूल की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान मिला। यह पुरस्कार स्कूल की ओर से छात्रों के व्यावहारिक कौशल को बढ़ाने, अनुभवात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करने और समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए एक सकारात्मक वातावरण बनाने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मान्यता क्षेत्र में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में स्कूल की नेतृत्व क्षमता को सुदृढ़ करती है।

## संपादकीय

### सामाजिक-सांस्कृतिक के मायने

दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं। आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए। वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे त्यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

**शाही स्नान:** महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या राजयोगी स्नान के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है।

**आरती:** नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जागृत होती है।

**कल्पवास:** कल्पवास महाकुंभ उत्सव का एक गहरा लेकिन कम ज्ञात पहलू है, जो साधकों को आध्यात्मिक अनुशासन, तपस्या और उच्च चेतना के लिए समर्पित एक अनुष्ठान प्रदान करता है। संस्कृत से उत्पन्न कल्प का अर्थ है ब्रह्मांडीय युग और वास का अर्थ है निवास, जो गहन आध्यात्मिक अभ्यास की अवधि का प्रतीक है। कल्पवास में भाग लेने वाले तीर्थयात्री सादगी का जीवन अपनाते हैं, सांसारिक सुख-सुविधाओं का त्याग करते हैं और ध्यान, प्रार्थना और धर्मग्रंथ अध्ययन जैसे दैनिक अनुष्ठानों में व्यस्त रहते हैं। कल्पवास में वैदिक यज्ञ और होम, पवित्र अग्नि अनुष्ठान जो दिव्य आशीर्वाद का आह्वान करते हैं और सत्संग, बौद्धिक एवं भक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक प्रवचन भी शामिल हैं। यह गहन अनुभव बड़े तीर्थयात्रा के भीतर गहरी भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है।

**प्रार्थना और अर्पण:** माना जाता है कि श्रद्धालु कुंभ के दौरान संगम पर आने वाले देवताओं के सम्मान में देव पूजन करते हैं। श्राद्ध (पूर्वजों को भोजन और प्रार्थना करना) और वेणी दान (गंगा में बाल चढ़ाना) जैसे अनुष्ठान त्योहार के अभिन्न अंग हैं, जो समर्पण और शुद्धि का प्रतीक हैं। सत्संग या सत्य के साथ जुड़ना एक और मुख्य अभ्यास है जहां भक्त संतों और विद्वानों के प्रवचन सुनते हैं। ज्ञान का यह आदान-प्रदान आध्यात्मिकता की गहरी समझ को बढ़ावा देता है और उपस्थित लोगों को उच्च आत्म-साक्षात्कार के लिए प्रेरित करता है। कुंभ के दौरान परोपकार का बहुत महत्व होता है। दान के कार्य जैसे गौ दान (गायों का दान) वस्त्र दान (कपड़ों का दान) द्रव्य दान (धन का दान) और स्वर्ण (सोना) दान को सराहनीय माना गया है।

**दीप दान:** प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान दीप दान की रस्म पवित्र नदियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य में बदल देती है। श्रद्धालु कृतज्ञता के रूप में त्रिवेणी संगम के बहते जल में हजारों प्रज्वलित मिट्टी के दीपक (दीये) पानी में प्रवाहित करते हैं। अमूमन गेहूं के आटे से बने और तेल से भरे ये दीपक दिव्य चमक पैदा करते हैं। यह दिव्य प्रतिभा को दर्शाता है, जो आध्यात्मिकता और भक्ति का प्रतीक है। नदी पर टिमटिमाते दीयों का दृश्य, वातावरण को धार्मिक उत्साह और एकता की गहरी भावना से भर देता है, जो तीर्थयात्रियों पर एक अमिट छाप छोड़ता है।

# 1969 में सीएम बंसीलाल को रैली में भीड जुटाने के लिए बुलाना पडा चंद्रलाल सांगी

### सीएम के कहने पर यूपी सरकार ने जमाना-जमानी गांव में लगानी पडी थी धारा 144

### सरदार प्रताप सिंह कैरो ने गायकी से खुश होकर चंद्रलाल को लाईसेंसी बंदूक तथा करनाल के डीसी एमएस मलिक ने भेंट किया था रिवॉल्वर

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** भारतीय संस्कृति को बुलंद करने की दिशा में पंडित लख्मीचंद, पंडित मांगेराम, जाट मेहर सिंह तथा चंद्रलाल सांगी सरीखी महान विभूतियों का अहम योगदान रहा है। जिनके किस्से आज भी समाज में प्रचलित हैं। ऐसा ही एक किस्सा चंद्रलाल सांगी के बारे में सामने आया है। बताया जाता है कि चंद्रलाल सांगी की ससुराल भुरजट तथा ननिहाल पाली में होने के कारण महेंद्रगढ़ जिले से बड़ा लगाव था। खेडी तलवाना निवासी उनके शिष्य एवं दामाद महाशय वेदप्रकाश भारती ने बताया कि 1950 के दशक के बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, दक्षिणी पंजाब, दक्षिणी हिमाचल प्रदेश में सांग सम्राट चंद्र लाल के नाम का डंका बज चुका था। दर्शक-श्रोता उन्हें प्रत्येक मंच पर देखना चाहते थे। उनके कार्यक्रम में भारी भीड के चलते सांग के आयोजनकर्ता भीड़ को देखकर परेशान हो जाते थे। भीड को नियंत्रित करने के लिए कई बार उनके प्रोग्राम में टिकट लगानी पडती थी।

1969 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल से हरियाणा में चौधरी बंसीलाल की सरकार थी। झज्जर के बादली में उनकी रैली होनी तय हुई। समय बहुत कम था, लेकिन रैली में भीड जुटाना भी जरूरी था। अंततः सांग सम्राट चंद्र लाल को रैली में बुलाना निश्चित हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की रैली में आने के लिए चंद्रलाल को निमंत्रण भेजा गया। जो उस वक्त उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के बड़ौत के समीप गांव जमाना-जमानी में मिडल स्कूल की स्थापना के लिए प्रोग्राम में व्यस्त थे। चंद्रलाल ने यह संदेश मंच के माध्यम से श्रोताओं के सामने रखा तो आयोजन समिति व श्रोताओं ने चलते हुए प्रोग्राम को एक दिन का ब्रेक देने पर एतराज जताया। उनका मानना थ कि एक दिन के लिए सांग बंद होता है तो स्कूल के लिए चंदा नहीं आएगा ओर स्कूल का कार्य अधर में लटक जाएगा। यह संदेश हरियाणा के मुख्यमंत्री बंसीलाल के पास भेजा गया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री चौ बंसीलाल ने यूपी के सीएम चंद्रभानु गुप्त से मंत्रणा कर मेरठ जिले के बड़ौत के पास गांव जमाना जमानी में एक दिन के लिए धारा 144 लगाने को कहा। सीएम के आदेश पर मेरठ के डीएम ने गांव जमाना जमानी में एक दिन के लिए धारा 144 लगा दी।

भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पंहुच गया ओर सांग करने पर रोक लगा दी गई। उसके बाद चंद्रलाल अपनी पार्टी को लेकर बादली के पास पहुंचे और हरियाणा के मुख्यमंत्री चैधरी बंसीलाल की जनसभा को सफल बनाया। अगले दिन फिर वापस जमाना जमानी में पंहुचकर सांग किया और स्कूल निर्माण कार्य पूरा करवाया। जमाना जमानी के बुजुर्ग लोग आज भी इस घटना का जिक्र करते हैं।

सांग सम्राट चंद्रलाल का जन्म चरखी दादरी में हुआ था। उनके परिवार में तीन पत्नियां भरपाई, फूलवती, चंद्रावती व चार पुत्रीयां कमलेश ,संतोष,राटेश ,मनोज तथा चार पुत्र सुरेश कुमार, उमेश कुमार, विजय कुमार, देवेंद्र कुमार हुए। दो पुत्रियों संतोष व मनोज की शादी खेडी तलवाना में की गई। उनका छोटा लड़का देवेंद्र कुमार जीवित है।

**आज भी प्रसिद्ध हैं उनके बनाए किस्से**

चंद्रलाल सांगी ने नो बहार धर्म देवी, सत्यवान सावित्री, हीर-रांझा, कमला मदन, पृथ्वीसिंह किरणमयी, बीजा सोरठ, किचक वध जैसे सांग बनाए जो प्रसिद्ध रहे। 1968 में करनाल के डीसी एमएस मलिक ने उन्हें उनकी गायकी पर खुश होकर सुरक्षा के लिए एक रिवॉल्वर भेंट किया। जिसके कागजात करनाल से ही तैयार करवाए गए। उनके परिजन आज भी इसका नवीनीकरण करनाल से ही करवते हैं। इससे पूर्व 1962-63 में पानीपत के चुलकाना में सांग करवाया गया था। जहां मंदिर का निर्माण किया जा रहा था। जिसका उद्घाटन पेप्सु के सीएम सरदार प्रताप सिंह कैरो ने किया था। सांग सुनकर मंत्रमुग्ध हुए सीएम ने एक लाईसेंसी बंदूक चंद्रलाल को ईनाम स्वरूप प्रदान की। अगस्त 2006 में वे संसार से अलविदा हो गये। उनके बनाए हुए किस्से आज भी बडे चाव के साथ सुने जाते हैं।

# एसडीजेएम कनीना कोर्ट में आयोजित की गई राष्ट्रीय लोक आदलत में

### 265 केसों का निपटान करने सहित 30 लाख की की गई रिकवरी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** शनिवार 14 दिसंबर को एसडीजेएम कोर्ट कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीजेएम प्रवीन कुमार ने अधिवक्ता एवं वाद सम्बंधी पक्षकारों की आपसी सहमति से केसों की सुनवाई कर निपटान किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के 265 का निपटारा किया गया। एसडीजेएम प्रवीन कुमार ने कहा कि आमजन छोटी-छोटी बातों को लेकर बडा विवाद न बनाएं। कोर्ट में जाने की प्रवृति को त्याग कर आमजन भाईचारा खराब न करें। बार एसोसिएशन कनीना के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव रामबास ने बताया कि लोक अदालत में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में कोर्ट में लंबित वाद आपसी समझौते से आसानी से निपटा सकते हैं। ऐसा करने से आपसी दूरियां नजदीकियों में बदल जाती हैं। इससे समय तथा पपैसे की बचत होती है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में एनआई एक्ट के 8, सिविल के 7, एग्जीक्यूशन का 1, एमवी एक्ट के 34, यूसीआर 209 सहित अन्य सहित कुल 265 केसों का निपटान किया गया तथा 2996900 रूपये की रिकवरी की गई। इस अवसर पर कोर्ट के प्रवाचक पवन कुमार, नाजिर दिनेश कुमार, अधिवक्ता अनिल शर्मा, संदीप सिंह, दिनेश कुमार, सतीश कुमार, दलीप सिंह,रमेश कुमार उपस्थित थे।



# वीर सैनिक बोर्डर पर हमारे देश की रक्षा में दिन-रात तैनात रहते है तभी हम चैन की नींद सो पाते है, देश के वीर शहीदो को सहृदय नमन करता हूँ : विधायक राजबीर फरटिया

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** लोहारू से विधायक भाई राजबीर फरटिया ने आज हल्के के गाँव सुधीवास में अमर शहीद नायक बलबीर मान की प्रतिमा का अनावरण किया और शहीद को पुष्प अर्पित कर नमन किया। विधायक भाई राजबीर फरटिया ने मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेना में हरियाणा प्रदेश के सबसे अधिक सैनिक है जो हमारे लिए गर्व की बात है और बोर्डर पर सैनिक दिन रात दुश्मनों से हमारे देश की रक्षा करते है तभी हम सभी चैन की नींद सो पाते है। उन्होने कहा कि अमर शहीद भाई बलबीर मान ने सैनिक के रूप में देश की सेवा की और देश सेवा करते करते अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मैं अमर शहीद भाई बलबीर मान को सहृदय नमन करता हूँ और पूरे मान परिवार का सम्मान के साथ हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होने कहा कि पूरे सुधीवास गाँव एवं मान परिवार ने शहीद भाई बलबीर के सम्मान में भाई की प्रतिमा स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके लिए आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूँ। इस दौरान प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में समस्त मान परिवार, पूरा सुधीवास गाँव एवं गणमान्य हल्कावासी मौजूद रहे।



# 36 ग्राम स्मैक सहित युवक काबू, दो के विरुद्ध केस दर्ज



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** सीआइए तावडू की टीम ने 36 ग्राम नशीले पदार्थ स्मैक के साथ एक युवक को सोहना मार्ग पर दबिश देकर काबू किया है। जिसकी पहचान धुलावट निवासी आरिफ उर्फ गूंगा के रुप में हुई है। सदर तावडू थाना पुलिस ने इस संधर्भ में दो आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। तावडू सीआइए प्रभारी एसआई महेंद्र ने बताया कि गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली थी कि नशा तस्कर आरिफ सोहना मार्ग पर छोटी पुलिया के समीप स्मैक बेचने के लिए खडे है। सूचना के मुताबिक टीम ने मौके पर दबिश देकर एक युवक को काबू किया। जिसने पुछताछ में अपनी पहचान आरिफ उपरोक्त के रुप में कराई। नियम अनुसार तलाशी लेने पर एक पदार्थ मिला जिसकी पुष्टि स्मैक के रुप में हुई। बरामद नशीले पदार्थ का कुल वजन 36.65 ग्राम था। पूछताछ में आरिफ ने बताया कि एक युवक से 40 हजार रु में स्मैक खरीद करना स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रामबास में कन्या के जन्म पर किया कुआं पूजन समारोह का आयोजन



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** लडकियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। उन्हें उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाए तो वे स्वयं मुकाम हासिल कर लेती हैं। ये विचार सतीश नम्बरदार ने गांव रामबास में नवजात कन्या के जन्मोत्सव पर शनिवार को आयोजित कुआंपूजन समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में वर्षों बाद लडकी गरिमा ने लक्ष्मी के रूप में जन्म लिया है। इस खुशी में उन्होंने डीजे की धुन पर कुआंपूजन किया वहीं प्रीतीभोज का भी आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विशाखा देवी, संदीप सिंह, रमेश देवी, सतीश कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव बाघोत में एक 26 वर्षीय युवक ने शुक्रवार रात्रि के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर कनीना सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उपनागरिक अस्पताल कनीना भिजवाया मृतक युवक के पिता कैलाश शर्मा ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है पुलिस को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उसके दो लड़के हैं बड़ा लड़का 26 वर्षीय मोहित तथा छोटा 25 वर्षीय पुलकित है जो दोनों अविवाहित हैं शुक्रवार को दोनों लड़के गांव में आयोजित किसी बर्थडे पार्टी में सरिक होने गए थे वहां से लौटकर बड़े लड़के मोहित ने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस बारे में कैलाश शर्मा ने आठ लोगों के खिलाफ शिकायत दी है पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है शनिवार सायं समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

# भोजावास विद्यालय में हुआ एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में एनएसएस के शनिवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उन्हें संस्कारों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया। प्राचार्या रेनू मेहरा ने कहा कि निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशन में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में आयोजित शिविर में स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें उन्होंने विद्यालय परिसर की सफाई की। इसके बाद सांस्कृतिक सभा आयोजित की गई। जिसमें ओममुनि महाराज मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवकों को संस्कारों के महत्व तथा नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन भाग सिंह ने विद्यार्थियों को समाज सेवा व राष्ट्रभक्ति के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, राजेश बालवान, अभय सिं, बुधराम, दयानंद उपस्थित थे।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

# स्विट्ज़रलैंड ने भारत से वापस लिया एमएफएन का दर्जा

**- मोस्ट फेवर्ड नेशन के दर्जे वाले देश एक-दूसरे को व्यापार में देते हैं विशेष छूट**

**मुंबई ।**

स्विस कंपनी नेस्ले पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद स्विटजरलैंड ने भारत को दिया गया सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र यानी मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा निलंबित (सस्पेंड) कर दिया। स्विटजरलैंड ने एमएफएन का दर्जा वापस लेने के अपने फैसले के पीछे नेस्ले से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट के 2023 में दिए गए फैसले का हवाला दिया है। मोस्ट फेवर्ड नेशन के दर्जे वाले देश एक-दूसरे को व्यापार में विशेष छूट देते हैं। स्विस वित्त विभाग ने हाल ही में एक बयान जारी करके कहा कि यह कदम पिछले साल भारत के सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उठाया गया है जिसमें कहा गया था कि यदि कोई देश ओईसीडी में शामिल होने से पहले भारत सरकार ने उसके साथ टैक्स डील पर हस्ताक्षर किए हैं तो एमएफएन चैप्टर लागू नहीं होता है। अब इस दर्जे के रद्द होने से भारतीय कंपनियों को स्विट्जरलैंड में ज्यादा टैक्स भरना होगा। भारत ने कोलंबिया और लिथुआनिया के साथ कर संधियों पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत कुछ प्रकार की आय पर कर दरें ओईसीडी देशों को दी जाने वाली दरों से कम थीं। बाद में दोनों देश ओईसीडी में शामिल हो गए। 2021 में स्विटजरलैंड ने व्याख्या की कि कोलंबिया और लिथुआनिया के ओईसीडी में शामिल होने का मतलब है कि समझौते में उल्लिखित 10 प्रतिशत के बजाय एमएफएन खंड के तहत भारत-स्विट्जरलैंड कर संधि पर लाभांश के लिए 5 प्रतिशत की दर लागू होगी। एमएफएनइ दर्जे के निलंबन के बाद इस फैसले का असर यह होगा कि स्विट्जरलैंड एक जनवरी 2025 से भारतीय कंपनियों के वहां अर्जित लाभांश पर 10 फीसदी टैक्स लगाएगा। स्विस विदहोल्डिंग टैक्स के लिए रिफंड का दावा करने वाले भारतीयों को ये देना होगा।



# एक लाख करोड़ का एयूएम होने पर आईपीओ ला सकती है एलआईसी म्युचुअल फंड

**एलआईसी ने एयूएम वित्त वर्ष 2025-26 तक होने का लक्ष्य रखा**




**नई दिल्ली ।**

एलआईसी म्युचुअल फंड ने अपनी प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति (एयूएम) के एक लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने पर आईपीओ लाने की संभावना को खोल दिया है। एक अधिकारी ने इसे पुष्टि की और बताया कि कंपनी ने एयूएम वित्त वर्ष 2025-26 तक होने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में एलआईसी एमएफ का एयूएम लगभग 38,000 करोड़ रुपये है, जो 2022-23 में 16,526 करोड़ रुपये था। एलआईसी म्युचुअल फंड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में उन्होंने 67 प्रतिशत की वृद्धि की है और वर्तमान वृद्धि दर 30 प्रतिशत है। उन्होंने इक्विटी योगदान के 47 प्रतिशत और बॉन्ड के 53 प्रतिशत हिस्से के साथ बताया कि सभी कोषों में वित्तलिय रूप से शासन वाले और कॉर्पोरेट निवेशक बॉन्ड में ज्यादा पैसा लगाए हैं। रूपरेखा से एलआईसी एमएफ ने खुदरा निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए न्यूनतम व्यवस्थित निवेश योजना लागू की है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि एक लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने पर खुदरा और इक्विटी भागीदारी 65-70 प्रतिशत तक बढ़ जाए। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए कंपनी ने विभिन्न पहल की है, जैसे जीवन बीमा निगम के नेटवर्क का उपयोग और वितरण चैनलों का स्थापना।

# टाटा समूह के विमानन कंपनियों की सीट क्षमता में 20 फीसदी बढ़ी

**- पिछले साल 4.58 करोड़ सीटें थी जो बढ़कर 2024 में 5.47 करोड़ पहुंच चुकी है**

**नई दिल्ली ।**

टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय परिचालन की एकीकृत सीट क्षमता में 20 फीसदी की वृद्धि की घोषणा की है। एयर इंडिया को नियंत्रित करने वाले समूह द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल सीट क्षमता वर्ष 2023 में करीब 6.40 करोड़ थी जो बढ़कर चालू वर्ष में करीब 7.67 करोड़ हो चुकी है। टाटा समूह के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू यात्री सेवा के तहत सीट क्षमता पिछले साल करीब 4.58 करोड़ सीटों की थी जो 19 फीसदी बढ़कर 2024 में 5.47 करोड़ सीटों तक पहुंच चुकी है। यह विमानन कंपनियों की कुल घरेलू सीट क्षमता का 28 फीसदी से अधिक है। पिछले साल यह सभी विमानन कंपनियों की कुल सीट क्षमता का 25 फीसदी रहा था।

अंतरराष्ट्रीय परिचालन में भी टाटा समूह की विमानन कंपनियों ने अपनी सीट क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टाटा समूह की विमानन कंपनियों की सीट क्षमता 2023 में करीब 1.81 करोड़ सीटों की थी जो 21 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.19 करोड़ सीटों की हो चुकी है। दुनिया के सबसे भरोसेमंद एक विमानन विश्लेषण फर्म के अनुसार टाटा समूह मजबूत ग्राहक आधार के बावजूद 11.9 करोड़ सीटों के साथ चालू वर्ष को अलविदा करेगा जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के अनुसार एयर इंडिया की सीट क्षमता इस साल 39 फीसदी से अधिक बढ़कर 2.35 करोड़ सीटों की हो गई। इसमें विस्तारा को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि उसकी गणना अलग से की गई है। नई विमानन कंपनी आकासा ने अपनी सीट क्षमता में पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। इन विमानन कंपनियों की सीट क्षमता बढ़ने से घरेलू उड़ानों के लिए भारत की सीट क्षमता एक साल पहले के मुकाबले 6.84 फीसदी बढ़कर 19.35 करोड़ सीटों तक पहुंच चुकी है। गो फर्स्ट ने कोई उड़ान नहीं भरी और स्पाइसजेट एवं अलायंस एयर जैसी विमानन कंपनियों ने अपनी सीट क्षमता कम कर दी थी। समान अवधि में उड़ानों की संख्या 5.4 फीसदी बढ़कर 11.3 लाख तक पहुंच गई।

# नियामक ने एआईएफ प्रो-रेटा डिस्ट्रीब्यूशन के लिए तय किए मानक

**नये नियमों से निवेशकों को अधिक सुरक्षा और लाभ प्राप्त होगा**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक नया आदेश जारी किया है जिसके तहत वैकल्पिक निवेश फंड्स (एआईएफ) के लिए आनुपातिक वितरण सुनिश्चित किया गया है। इस नए आदेश से यह सुनिश्चित होगा कि निवेशकों को उनकी प्रतिबद्धताओं के अनुपात में लाभ पहुंचाया जाए। जब एआईएफ निवेशकों के अधिकारों एवं आय को प्रो-रेटा में वितरित करेगा, तो इससे निवेशकों को न्यूनतम और अधिकाधिक लाभ मिलेगा। इसे लेकर सेबी ने पिछले महीने एआईएफ नियमों में कई बदलाव किए थे और हाल ही में जारी किए गए सर्कुलर में सेबी ने विवरण दिया कि उन निवेशकों को छूट दी जाएगी जो निवेशकों की तरह उपयोगी होंगे जो अपने प्रतिबद्धताओं में गलती करें। लिमिटेड पार्टीयों (एलपी) के लिए भी सख्ती से कहा गया है कि वे अपने आनुपातिक अधिकारों से कम या अधिक लाभ स्वीकार कर सकते हैं। इसके साथ ही, सेबी ने फंड के प्रबंधकों, प्रायोजकों, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को अधिक नुकसान साझा करने की अनुमति भी दी है। एक अन्य नई निर्देशिका के तहत, एक उद्योग निकाय को विशिष्ट अंतर संबंधित अधिकारों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया है जिसे सेबी द्वारा पेश किया जा सकता है। यह नया आदेश निवेशकों के हित में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो वितरण के प्रक्रिया को अधिक स्पष्ट और निष्पक्ष बनाएगा। इससे निवेशकों को अधिक सुरक्षा और लाभ प्राप्त होगा और वैकल्पिक निवेश फंड्स के क्षेत्र में सुधार होगा।

# फरवरी में रेपो दर में 25 आधार अंकों की हो सकती है कटौती

**- भारत की समग्र मुद्रास्फीति नवंबर में 6 फीसदी से नीचे**

**नई दिल्ली ।**

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 5.48 फीसदी के स्तर पर आ गई है और ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले महीने में मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। ऐसे में अर्थशास्त्रियों और बाजार का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की दरें तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) फरवरी में होने वाली बैठक में रीपो दर 25 आधार अंक दर की कटौती कर सकती है। भारत की समग्र मुद्रास्फीति नवंबर में 6 फीसदी से नीचे आ गई है जो आरबीआई के मुद्रास्फीति को 2-6 फीसदी के दायरे में रखने के लक्ष्य के अनुरूप है।

यह खाद्य कीमतों में कमी और अन्य कारकों के बीच अनुकूल आधार प्रभाव के कारण संभव हुआ है। कोर मुद्रास्फीति भी नवंबर में थोड़ी कम होकर 3.7 फीसदी हो गई जो पिछले महीने के 3.8 फीसदी से कम है। इसकी तुलना में समग्र मुद्रास्फीति अक्टूबर में 6.2 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई जबकि सितंबर में यह 5.49 फीसदी थी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में लिखा कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि आरबीआई फरवरी 2025 में दर में कटौती करेगा और दर कटौती चक्र में कुल 75 आधार अंकों की कटौती हो सकती है। मगर डॉलर में होने बदलाव से ऐसे निर्णय के प्रभावित होने की संभावना नहीं है जैसा कि वर्ष 2018 में हुआ था जब आरबीआई ने रुपये पर भारी दबाव होने के बावजूद दरों में बढ़ोतरी नहीं की थी। डीबीएस बैंक की कार्यकारी निदेशक और वरिष्ठ अर्थशास्त्री राधिका राव ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए और उन्होंने कहा कि हम फरवरी की बैठक में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं और इस चक्र में कुल 75 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है। साथ ही हमारी नजर अमेरिकी डॉलर पर भी है। राव को उम्मीद है कि खाद्य वस्तुओं पर मौसम संबंधी असर के खत्म हो जाने के बाद समग्र मुद्रास्फीति 4-5 प्रतिशत के दायरे में सामान्य हो जाएगी।

# जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी में 26 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी इंडस टावर्स

**- पीवी बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी**

**नई दिल्ली ।**

दूरसंचार अवसंरचना कंपनी इंडस टावर्स सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी 38.03 करोड़ रुपये में खरीदेगी। इंडस टावर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) बिजली संयंत्र से 130 मेगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त होगी। बयान में कहा गया है कि कंपनी ने 12 दिसंबर को व्यक्तिगत उपयोग के तहत सौर पीवी संयंत्र से नवीकरणीय ऊर्जा की खरीद को लेकर विशेष उद्देश्य के लिए बनाई गई (एसपीवी) जेएसडब्ल्यू ग्रीन एनर्जी एट लिमिटेड के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। जेएसडब्ल्यू को अक्टूबर 2024 में पारंपरिक या गैर-पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके बिजली या किसी अन्य ऊर्जा का निर्माण, विकास, स्वामित्व, उत्पादन, आपूर्ति, संचय, संचरण, वितरण, भंडारण, खरीद और बिक्री करने के लिए शामिल किया गया था।




# एचडीएफसी बैंकिंग सर्विस डाउन: दो दिनों तक बंद रहेगी क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन

**आईसीआईसीआई बैंक में भी 14 और 15 दिसंबर को कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी**

मुंबई । एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों को एक महत्वपूर्ण अलर्ट दिया है जिसमें बताया गया है कि 14 और 15 दिसंबर को बैंक की कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इसका मुख्य कारण मेंटेनेंस कार्य है। 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से डेढ़ बजे तक क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन बंद रहेगा। उसके बाद, नेटबैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग ऐप की सेवाएं दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी और लगभग 3 घंटे तक बंद रहेंगी। इसके साथ ही आईसीआईसीआई बैंक ने भी ग्राहकों को एक समान अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया है कि 14 और 15 दिसंबर को कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। ग्राहकों को अलर्ट दिया गया है कि इस अवधि के दौरान आरटीजीएस ट्रांजेक्शन स्थगित किए जाएंगे। ग्राहकों को सुझाया गया है कि इस अवधि के दौरान अल्टरनेटिव विकल्प के रूप में आईमोबाइल या इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करें। यह सूचना एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण है। इन समयों में सर्विस में किए गए किसी भी बदलाव की सम्यक जानकारी लेने के लिए ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

# एलआईसी ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी में घटाई हिस्सेदारी

**- एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी**

**मुंबई ।** देश की प्रमुख बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने आयरन ओर उत्पादक नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 2 फीसदी घटा दी है। इसके बाद नवरत्न पीएसयू आयरन ओर माइनिंग कंपनी एनएमडीसी में एलआईसी की हिस्सेदारी घटकर 5.6 फीसदी रह गई है, इससे पहले हिस्सेदारी 7.6 फीसदी थी। एलआईसी का शेयर शुक्रवार को 932.60 रुपए पर बंद हुआ। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सितंबर, 2023 से दिसंबर, 2024 तक की अवधि में बाजार बिक्री की एक श्रंखला के माध्यम से एनएमडीसी में 5.91 करोड़ से अधिक शेयर यानी 2 फीसदी हिस्सेदारी बेची है। एनएमडीसी के वोटिंग अधिकार वाले इक्विटी शेयरों में एलआईसी की हिस्सेदारी 22,31,79,025 शेयरों (7.6 फीसदी) से घटकर 16,40,59,791 शेयर (5.6 फीसदी) रह गई है। पिछले महीने एलआईसी ने कहा था कि उसने टाटा पावर में 2.02 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी करीब 2,888 करोड़ रुपए में बेच दी है और कंपनी में अपनी हिस्सेदारी घटाकर 3.88 फीसदी कर दी है। शुक्रवार को एनएमडीसी का शेयर बीएसई में 2.91 फीसदी की गिरावट के साथ 233.70 रुपए पर बंद हुआ।




# बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और फेड पॉलिसी से पहले भारतीय सूचकांक लगातार चौथे सप्ताह बढ़त लेकर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह एफआईआई की खरीदारी, सीपीआई और आईआईपी आंकड़ों ने भी बाजार को साप्ताहिक गिरावट को कम करने में मदद की। बीते सप्ताह शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार- चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुरुआती घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को उतार-चढ़ाव का माहौल देखा गया। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 151.36 अंक की गिरावट के साथ 81,557.76 अंक पर खुला और 200.66 अंकों की गिरावट के बाद 81,508.46 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ खुलने के बाद शुरुआती सौदों में 37.45 अंक फिसलकर 24,640.35 अंक पर खुला और 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट स्तर पर खुले। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 35.71 अंक की बढ़त के साथ 81,544.17 अंक पर खुला और .59 अंक गिरकर 81,510.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 13.25 अंक चढ़कर 24,632.25 अंक पर खुला और 8.95 अंक की गिरावट के साथ 24,610.05 पर बंद हुआ। बुधवार को




सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 19.22 अंक की बढ़त के साथ 81,529.27 अंक पर खुला और 13.34 अंकों की गिरावट के साथ 81,496.70 पर बंद हुआ। निफ्टी 21.55 अंक चढ़कर 24,631.60 अंक पर खुला और 20.25 अंकों की गिरावट के साथ 24,630.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी सपाट ही खुला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 83.73 अंक चढ़कर 81,609.87 अंक पर खुला और 236.18 अंक कमजोर होकर 81,289.96 पर बंद हुआ। निफ्टी 12 अंक की बढ़त के साथ 24,604.45 अंक पर खुला और 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद बाजार ने पलटी मार दी है। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिकवाली के बाद संभले और हरे निशान पर लौट आए। दोपहर बाद सेंसेक्स 321.00 अंक चढ़कर 81,537.48 पर पहुंच गया और 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर खुला और 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर बंद हुआ।

# मैकिंजी संघीय जांच से बचने को 65 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगी

वाशिंगटन। अमेरिकी सलाहकार फर्म मैकिंजी एंड कंपनी ने दवा कंपनी पर्ड्यू फार्मा के लिए किए गए कार्यों की संघीय जांच से बचने के लिए 65 करोड़ डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। वर्जीनिया में अदालत में दायर दस्तावेजों से यह जानकारी मिली। इसके मुताबिक अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए समझौते के तहत मैकिंजी आपराधिक आरोपों पर अभियोजन से बच जाएगी। हालांकि इस राहत के लिए मैकिंजी को इस राशि का भुगतान करना होगा और पांच साल के लिए नियंत्रित पदार्थों की बिक्री, विपणन या प्रचार बंद करने जैसी शर्तों का पालन भी करना होगा। मैकिंजी के प्रतिनिधियों ने इस समझौते के बारे में टिप्पणी के लिए फोन कॉल और ईमेल संदेशों का फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है। न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों में कहा गया है कि पर्ड्यू ने ऑक्सीकॉन्टिन दवा समेत कई उत्पादों से राजस्व बढ़ाने के तरीकों के लिए मैकिंजी को 15 वर्षों में 9.3 करोड़ डॉलर से अधिक का भुगतान किया।

# सेबी ने रिटेल निवेशकों के लिए एल्गो ट्रेडिंग सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव दिया

**- एल्गो ट्रेडिंग कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिए ट्रेडिंग को तेज़, सस्ता और पारदर्शी बनाती है**

**नई दिल्ली ।**

बाजार नियामक सेबी ने रिटेल निवेशकों के लिए एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग (एल्गो ट्रेडिंग) की सुविधा शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। यह तकनीक कंप्यूटर प्रोग्राम के जरिए ट्रेडिंग को तेज, सस्ता और पारदर्शी बनाती है। अब तक यह सुविधा केवल संस्थागत निवेशकों को मिलती थी। एल्गो ट्रेडिंग का उपयोग करने से निवेशक तेजी से खरीद-फरोख्त कर सकते हैं। इससे बाजार में लेन-देन आसान होता है और तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ती है। सेबी का कहना है कि यह सुविधा रिटेल निवेशकों को सुरक्षा और सही नियमों के साथ दी जाएगी। सेबी के अनुसार एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा स्टॉक ब्रोकरों के माध्यम से दी जाएगी। इसके लिए ब्रोकर को पहले स्टॉक एक्सचेंज से अनुमति लेनी होगी। ट्रेडिंग में हर लेन-देन को स्टॉक एक्सचेंज की ओर से दिए गए यूनिक आईडेंटिफायर से टैग किया जाएगा, ताकि उसकी ट्रैकिंग की जा सके। यदि ब्रोकर एल्गो सिस्टम में कोई बदलाव करना चाहेंगे, तो उन्हें इसके लिए एक्सचेंज से मंजूरी लेनी होगी। एल्गो ट्रेडिंग के लिए एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का इस्तेमाल किया जाएगा। ब्रोकर इस प्रक्रिया में मुख्य भूमिका निभाएंगे, जबकि एल्गो प्रदाता या फिनटेक कंपनियां उनके एजेंट के रूप में काम करेंगी। जो भी लेन-देन एक तय सीमा से अधिक होगा, उसे एल्गो ट्रेडिंग माना जाएगा और उसे यूनिक आईडेंटिफायर से टैग किया जाएगा।



# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट, घटकर 654.85 अरब डॉलर पहुंचा

**6 दिसंबर से पहले विदेशी मुद्रा भंडार में 1.51 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी**

**नई दिल्ली ।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.235 अरब डॉलर की कमी आई है। इस दौरान भंडार घटकर 654.857 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 1.51 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी, जिससे लगातार कई हफ्तों की गिरावट रुकी थी। सितंबर के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के अपने अब तक के उच्च स्तर पर पहुंचा था। आरबीआई के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 3.228 अरब डॉलर घटकर 565.623 अरब डॉलर रह गईं। ये परिसंपत्तियां डॉलर के अलावा यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं की कीमतों में बदलाव के कारण प्रभावित होती हैं। इस सप्ताह भारत के सोने के भंडार में भी गिरावट दर्ज की गई। सोने का भंडार 43 मिलियन डॉलर घटकर 66.936 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार में 25 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे यह 18.031 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की भंडार स्थिति 12 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.266 अरब डॉलर हो गई।

# वेलस्पन कॉर्प अमेरिकी संयंत्र की क्षमता बढ़ाने 10 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी

नई दिल्ली । वेलस्पन कॉर्प ने अमेरिका में अपने लिटिल रॉक संयंत्र की क्षमता दोगुनी करने के लिए 10 करोड़ डॉलर की विस्तार योजना शुरू की है। कंपनी ने बयान में कहा कि विस्तार परियोजना मार्च 2026 तक पूरी होने की उम्मीद है। इस इकाई की मौजूदा क्षमता 1.75 लाख टन है, जिसे बढ़ाकर 3.5 लाख टन किया जाएगा। वेलस्पन कॉर्प ने कहा कि यह निवेश यह दर्शाता है कि कंपनी चौड़े आकार वाली लाइन पाइप बनाने में सक्षम है। वेलस्पन वर्ल्ड के चेयरमैन ने कहा कि यह विस्तार कंपनी के कारोबार के विस्तार और उन्नयन के लिए महत्वपूर्ण है। इस निवेश से एक महत्वपूर्ण योजना के तहत कंपनी दावा कर रही है कि वह अपनी पहचान मजबूत करेगी। वेलस्पन कॉर्प लिमिटेड वैश्विक स्तर पर चौड़े आकार वाली लाइन पाइप बनाने वाली शीर्ष तीन कंपनियों में से एक है और इस नए विस्तार से उसकी मुख्यता और मजबूती और भी बढ़ेगी।



# पुष्पा 2 को लेकर की गई जेसीबी वाली टिप्पणी पर सिद्धार्थ का यू-टर्न

5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही पुष्पा 2ः द रूल ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म की भारी सफलता के बीच सिद्धार्थ को अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म के पटना इवेंट में एकत्रित भीड़ का मजाक उड़ाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब उन्होंने विवाद के बारे में बात की और एक स्पष्टीकरण जारी किया है।

## सिद्धार्थ ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी

चेन्नई में अपनी फिल्म मिस यू के लिए आयोजित एक प्रेस मीट के दौरान सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 पर अपनी टिप्पणियों और अल्लू अर्जुन के साथ किसी भी तरह की समस्या के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। अभिनेता ने स्पष्टीकरण की आवश्यकता को खारिज कर दिया और फिल्म की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने पहले भाग की भारी लोकप्रियता को स्वीकार किया और कहा कि दर्शकों का सीक्वल के लिए सिनेमाघरों में आना स्वाभाविक था।

## अपनी टिप्पणी पर क्या बोले सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने फिल्मों का समर्थन करने वाली बड़ी भीड़ के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक सिनेमाघरों में आना जारी रखेंगे और सिनेमा के फलने-फूलने की जरूरत के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी फिल्म का हिट होना कितना दुर्लभ है और कहा कि निर्माता और कलाकार अपनी कड़ी मेहनत का फायदा उठाने के हकदार हैं।

## सिद्धार्थ ने पेश की सफाई

उन्होंने कहा, मुझे समस्या शब्द से ही दिक्कत है और मुझे नहीं लगता कि मुझे इस पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। सफलता के लिए पुष्पा 2 की टीम को बधाई। जितनी अधिक भीड़ जुटेगी, उतना अच्छा होगा। आशा है कि भीड़ सिनेमाघरों में भी आएगी। सिनेमा को स्वस्थ होना चाहिए। इससे पहले पुष्पा 2 पर की गई अपनी टिप्पणी पर सिद्धार्थ को काफी ट्रोल भी किया गया था।

## क्या था सिद्धार्थ का बयान

इससे पहले सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 कार्यक्रम के लिए पटना में उमड़ी भारी भीड़ पर अपने विचार साझा किए । उन्होंने कथित तौर पर इसे एक प्रचार रणनीति बताया और कहा कि भारत में बड़ी भीड़ एक आम बात है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी भीड़ हमेशा गुणवत्ता को नहीं दर्शाती। अभिनेता ने कथित तौर पर इस आयोजन की तुलना जेसीबी से खुदाई करने वाली जगह से की और दावा किया कि आयोजन करने से स्वाभाविक रूप से लोग आते हैं और उन्होंने बिहार में लोगों के एकत्र होने को सामान्य बताया।



# प्रेग्नेंसी की खबरों पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी

सोनाक्षी सिन्हा ने इस साल जून में अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी रचाई। निजी समारोह में हुई रजिस्टर मैरिज और फिर रिसेप्शन पार्टी में करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा की प्रेग्नेंसी को लेकर अटकलें लग रही हैं। उनकी हालिया तस्वीरें देख नेटिजन्स अक्सर अभिनेत्री से सवाल पूछते हैं कि क्या वे खुशखबरी देने वाली हैं? इस तरह की अफवाहों पर सोनाक्षी ने चुप्पी तोड़ी है।

## मजाकिया अंदाज में किया खंडन

सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह की अकटलों का खंडन अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में किया और इसे अपने बढ़ते वजन से जोड़ा। सोनाक्षी ने कहा, मैं बस मोटी हो चुकी हूं। अपने इस बेबाक अंदाज और जवाब के जरिए उन्होंने अफवाहों को विराम दे दिया है। सोनाक्षी ने कर्ली टेल्स के साथ इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रहीं अफवाहों को विराम लगाते हुए कहा, दोस्तों, मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। मैं बस मोटी हो चुकी हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने मजाक में यह भी खुलासा किया कि इस तरह की खबरों को लेकर किसी ने तो उनके पति जहीर इकबाल को बधाई तक दे डाली। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बातचीत के दौरान हंसते हुए कहा कि शादी के बाद से वे लगातार यात्राओं में व्यस्त हैं।

## इस पोस्ट के बाद शुरू हुई अफवाहें

सोनाक्षी सिन्हा की अफवाहें तब शुरू हुई, जब कपल ने अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। सोनाक्षी सिन्हा ने भी माना की इस तस्वीर के बाद इस तरह के कयास लगने लगे। आगे उन्होंने माना कि इंटरनेट पर यूजर्स की कल्पनाओं की कोई सीमा नहीं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर ने एक-दूसरे को करीब सात साल डेट किया। 23 जून 2024 में इन्होंने शादी रचाकर जिंदगी के नए अध्याय में प्रवेश किया।

# आलिया भट्ट ने ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए दी पायल कपाड़िया को बधाई



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए गोल्डन ग्लोब अवार्ड के लिए नामित होने पर बधाई दी। उन्हें 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्डस 2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर श्रेणी) के लिए नामित किया गया है। ये फिल्म प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में इसे सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर नॉन इंग्लिश कैटेगरी में भी नामांकित किया गया है।

## पायल कपाड़िया ने कही ये बात

पायल कपाड़िया ने कहा, मैं इस नामांकन से बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं और इस मान्यता के लिए ॥स्क्र्की आभारी हूं। यह उन सभी का जश्न है जिन्होंने इस फिल्म पर इतनी लगन से काम किया है। भारत में सभी के लिए, ऑल वी इमेजिन एज लाइट अभी भी सिनेमाघरों में है – कृपया इसे देखें और हमारा समर्थन करें।

## राजकुमार राव ने भी दी बधाई

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने भी फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को इस नामांकन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा, बधाई हो... यह बहुत बढ़िया है। बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपके लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं, आलिया भट्ट ने भी पायल कपाड़िया को बधाई दी और कहा कि इतिहास बस आपका ही है।

## फिल्म को मिला कान्स में ग्रैंड प्रिक्स

ऑल वी इमेजिन एज लाइट फिल्म को दुनियाभर में लोगों ने सराहा है। इस फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर लोगों ने बहुत पसंद किया है। फिल्म भारत में 22 नवंबर को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल की थी। यह फिल्म कान्स 2024 में प्रतिष्ठित ग्रैंड प्रिक्स जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई।



# पहली फिल्म की असफलता ने तोड़ा श्रद्धा का दिल, इंडस्ट्री में नहीं दिया किसी ने काम

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का आनंद उठाया। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। इस बीच श्रद्धा ने 2010 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'तीन पत्ती' की असफलता के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे फिल्म की असफलता ने उनका दिल तोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने इसके असफल होने की उम्मीद नही थी। श्रद्धा कपूर ने बताया कि फिल्म की असफलता के बाद उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जीक्यू इंडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों को उन्हें कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था, जब तक कि आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी 2 नहीं आई, एक ऐसी फिल्म जिसने उन्हें बहुत शोहरत दिलाई। अभिनेत्री ने कहा कि आशिकी 2 के बाद और उससे पहले, वह कठिन दौर से गुजर रही थीं।

## पिता ने नहीं की मदद

श्रद्धा ने आगे कहा, इंडस्ट्री से होने के बावजूद, मेरे पिता मुझे काम दिलाने के लिए कोई कॉल नहीं कर रहे थे। उन्होंने (शक्ति कपूर) कहा, मैंने खुद को अपने दम पर बनाया है, तुम्हें भी यह करना होगा। अपनी लड़ाई का सामना करो। मुझ पर निर्भर मत रहो। इससे मुझे बहुत ही अस्वीकृति और असफलता का अनुभव हुआ। 'आशिकी' होने तक लोगों को मुझे कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था।



# खुद को पति के रूप में राजकुमार राव ने दी इतनी रेटिंग, बोले- हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है

बॉलीवुड के पावर कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा एक दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार अक्सर करते हैं। दोनों की मीडिया हाउस से बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे पति के तौर पर 10 में से 9 ही नंबर ले सकते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं खुद को एक पति के तौर पर नौ नंबर दूंगा। वाह, यह बिल्कुल भी बुरा नहीं है, है ना? मैं दस कहने वाला था, लेकिन फिर मैंने सोचा कि कुछ तो गड़बड़ होगी मुझमें। सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

## एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक हैं

इस बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे और पत्रलेखा एक दूसरे का समर्थन करते हैं लेकिन वे एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक भी हैं। वे अक्सर उनके काम की पहली दर्शक रही हैं। पत्रलेखा जिस काम की तारीफ करती है, उसे वाकई सम्मान मिलता है। उन्होंने पत्रलेखा के लिए कहा कि वे मेरे काम को समझती हैं मेरे लिए ये भी बहुत बड़ी बात है।

## राजकुमार राव ने की पत्रलेखा की तारीफ

राजकुमार राव ने आईसी 814 में पत्रलेखा के अभिनय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये सीरीज उनके लिए एक अध्ययन के तौर पर खास रहा। बता दें राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 2010 में अपने रिश्ते की शुरुआत की और 15 नवंबर, 2024 को चंडीगढ़ में एक अंतरंग समारोह में शादी कर ली।

## इस साल दिखाया अभिनय का जादू

वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव को हाल ही में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आए थे। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। वहीं, राजकुमार राव ने इस साल स्त्री 2 के जरिए भी काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही।



# रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का साई पल्लवी ने किया खंडन

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और मुखर अभिनेत्री साई पल्लवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का खंडन किया। अभिनेत्री ने अफवाहों को मनगढ़ंत करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अफवाहों को लेकर गुस्से में आई अभिनेत्री साई पल्लवी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, अधिकांश समय, लगभग हर बार, जब भी मैं निराधार अफवाहों या मनगढ़ंत झूठ, गलत बयानों को मकसद या बेमकसद फैलते देखती हूं (भगवान जाने) तो मैं चुप रहना ज्यादा पसंद करती हूं और ऐसे मौकों पर कुछ नही बोलती। मैं खास तौर पर फिल्मों की रिलीज, घोषणा या मेरे करियर के यादगार पलों के समय किसी तरह की अफवाहों पर आमतौर पर चुप ही रहती हूं। (ऐसा हर बार नहीं होगा) अगली बार जब मैं किसी पेज, मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी। कानूनी कार्रवाई करूंगी! बस!

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार रामायण में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। 'रामायण' में माता सीता की भूमिका निभा रहीं साई पल्लवी के साथ रणबीर कपूर राम की भूमिका में तो 'केजीएफ' स्टार यश लंकापति रावण की भूमिका में और लारा दत्ता कैकेयी की और सनी देओल वीर हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। साई पल्लवी अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान देती नजर आई थीं। वायरल वीडियो में अभिनेत्री कहते नजर आई थीं, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए उनकी सेना ऐसी है। इसलिए, नजरिया बदल जाता है।





# सुजॉय घोष ने की पुष्पा 2 की तारीफ

अल्लू अर्जुन की साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2ः द रूल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और इसने पहले ही दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षकों, दर्शकों और कई मशहूर हस्तियों से भी प्रशंसा अर्जित कर रही है। हाल ही में, फिल्म निर्माता सुजॉय घोष ने भी फिल्म की अपनी समीक्षा साझा की और अल्लू अर्जुन को महानतम जादूगर कहा। वहीं, इस पर अल्लू अर्जुन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।

## सुजॉय घोष ने की पुष्पा की समीक्षा

सुजॉय घोष ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पा 2ः द रूल की अपनी समीक्षा साझा की। बदला, कहानी और जाने जां जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने कहा, मैंने सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 देखी। क्या खूबसूरती से तैयार किया गया मैजिक शो और हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन डिटेलिंग। मन चकित रह गया। देखने में बहुत मजा आया और सबसे महान जादूगर अल्लू अर्जुन ने मुझे सम्मोहित कर लिया।

## अल्लू अर्जुन ने जताया आभार

इसके बाद अल्लू अर्जुन ने फिल्म निर्माता का आभार व्यक्त किया और जवाब दिया, सुजॉय जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। खुशी है कि आपको फिल्म और मेरा काम पसंद आया। आपके प्यार से अभिभूत हूं। धन्यवाद। सुजॉय घोष ने फिल्म की तारीफ की है और अल्लू अर्जुन उनका आभार व्यक्त करते नजर आए हैं। वहीं, सुजॉय और अल्लू की पोस्ट पर नेटिजन्स भी दिल खोलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नेटिजन्स ने सुजॉय घोष द्वारा अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे शाहरुख खान के साथ ऐसा ही सिनेमा बनाने का अनुरोध किया। एक एक्स यूजर ने लिखा, एसआरके की विशाल प्रस्तुति के साथ-साथ किंग को भी पूरी तरह तैयार करें। दूसरे ने लिखा, अपनी खुद की विशिष्टता के साथ किंग बनाएं और उन सभी को आश्चर्यचकित करें जो किंग-द मूवी को कम आंक रहे हैं।

## किंग में नजर आएंगे शाहरुख-सुहाना

एक अन्य एक्स यूजर ने टिप्पणी की, सुजॉय दादा हम और अधिक खूबसूरती से तैयार किया गया जादू शो चाहते हैं। बता दें, सुजॉय घोष एक एक्शन ड्रामा किंग का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसमें शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान मुख्य भूमिका में हैं। चर्चा है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। किंग के बारे में बात करते हुए, शाहरुख ने एक इंटरव्यू में कहा, यह दिलचस्प होगा। मैं कुछ समय से ऐसी फिल्म करना चाहता था, और मैं वास्तव में सात, आठ साल से ऐसी फिल्म करना चाहता था। हमने बस महसूस किया सुजॉय सही विकल्प होंगे, क्योंकि हम चाहते थे कि यह भावनात्मक रूप से बहुत सही हो। हम सभी एक अच्छी, व्यापक, एक्शन, भावनात्मक फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

# लोकेश कनगराज के एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

राघव लॉरेंस अपनी शानदार अदाकारी के लिए मशहूर हैं। वह आगामी फिल्म बेंज में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका निर्देशन बक्कियाराज कन्नन करेंगे। फिल्म की पटकथा लोकेश कनगराज लिख रहे हैं। यह फिल्म लोकेश कनगराज के सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है।

## एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

रिपोर्ट के अनुसार राघव लॉरेंस की इस फिल्म में अब आर माधवन की विलेन की के रूप में एंट्री हो गई है। माधवन के एलसीयू में प्रवेश ने दर्शकों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह पैदा कर दिया है। माधवन ने आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म आयुथा एझुथु (2004) में और 2024 में हिंदी फिल्म शैतान में भी वह नकारात्मक भूमिका में नजर आए थे। फिल्म बेंज की शूटिंग जल्द शुरू होगी। इसमें संगीत देने के लिए हाल ही में उभरते हुए संगीतकार साई अभ्यंकर को साइन किया गया है। राघव लॉरेंस की आगामी फिल्में, जैसे काला भैरव और बुलेट ने भी काफी हलचल मचाई है। 2025 में इन फिल्मों की रिलीज को लेकर फैंस में खासा उत्साह है।

